Rainbow series

# अक्षर ज्ञान

हर अक्षर में छुपा है ज्ञान,
चलो करें इसका सम्मान!







आ से आम, जो भी खाए,
सेहत और स्वाद दोनों ही पाए!

आ

अ से अनार, जो भी खाए,
लाल-लाल गालों की चमक पाए!

अ

आम

अनार



ब

बतख





इ से इमली, जो भी खाए,
खट्टे-मीठे स्वाद में खो जाए!

इ

# इस शृंखला को राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (NCF) 2023 के साथ मूलभूत चरणों के लिए संरेखित करना

हमारी यह नई शृंखला राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा **(NCF)** 2023 के दिशा-निर्देशों पर आधारित है। इसमें बच्चों के खेल आधारित, गतिविधि आधारित और अनुभव आधारित शिक्षण को केन्द्र में रखते हुए सामग्री तैयार की गई है।

## 'पंचादि' शिक्षण प्रक्रिया– प्रारम्भिक वर्षों के लिए

**पंचादि (पाँच-चरणीय शिक्षण प्रक्रिया) को ध्यान में रखते हुए हमने प्रत्येक पाठ और गतिविधि को इस क्रम में प्रस्तुत किया है:**

- **अदिति (परिचय)** – बच्चों की रुचि जगाने और विषय से परिचित कराने हेतु कहानियाँ, गीत और चित्र।
- **बोध (समझ)** – सरल भाषा और गतिविधियों के माध्यम से बुनियादी अवधारणाएँ समझाना।
- **अभ्यास (प्रयास)** – रंग भरो, मिलान करो, पहचानो जैसी दोहराने पर आधारित गतिविधियाँ।
- **प्रयोग (अनुभव)** – बच्चों को अपने परिवेश में सीखी बातों को पहचानने व अपनाने की प्रेरणा देना।
- **विस्तार (बातचीत)** – समूह चर्चा, कहानी सुनाना या चित्र दिखाकर बच्चों की अभिव्यक्ति क्षमता बढ़ाना।




## पंचकोषीय विकास पर आधारित

**(NCF) 2023 के अनुरूप बच्चों के पाँचों प्रमुख विकास क्षेत्रों पर यह शृंखला विशेष ध्यान देती है:**

- **शारीरिक विकास** – शारीरिक कौशल विकसित करने हेतु रंगना, कतरना, चिपकाना और खेल गतिविधियाँ।
- **मानसिक विकास** – भावनात्मक समझ, आत्मविश्वास और सहयोग की भावना को विकसित करना।
- **बौद्धिक विकास** – सोचने, पहचानने और प्रश्न पूछने की क्षमता को बढ़ावा देना।
- **नैतिक विकास** – 'सच बोलो', 'मिल-जुल कर रहो' जैसे नैतिक संदेशों वाली कहानियाँ और चित्र।
- **आध्यात्मिक विकास** – प्रकृति प्रेम, करुणा और आत्म-चिंतन जैसी मूल मान्यताओं का समावेश।

**हमारा उद्देश्य है कि बच्चे न केवल हिंदी भाषा में दक्ष हों, बल्कि नैतिक, बौद्धिक और भावनात्मक रूप से भी सशक्त बनें। हमें विश्वास है कि यह शृंखला बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने में सहायक सिद्ध होगी।**

# गतिविधि दर्शिका

बच्चे की सोचने, समझने, याद रखने और समस्या हल करने की क्षमता का विकास।




**बौद्धिक विकास**
**(Cognitive Development)**




सही-गलत का ज्ञान और मूल्यों जैसे ईमानदारी, करुणा और जिम्मेदारी को समझना।

**नैतिक विकास**
**(Ethical Development)**

तर्क, विश्लेषण और कल्पना के माध्यम से विचार करने की क्षमता को बढ़ाना।




**चिंतन विकास**
**(Thinking Development)**




चित्रकला, संगीत, नृत्य और अभिनय जैसी रचनात्मक अभिव्यक्तियों का विकास।

**कला विकास**
**(Art Development)**

शरीर की गति, संतुलन, समन्वय और ताकत को बढ़ाने वाला विकास।




**शारीरिक विकास**
**(Physical Development)**




बोलने, सुनने, पढ़ने और अभिव्यक्त होने की भाषा संबंधी क्षमताओं का विकास।

**संचार विकास**
**(Communication Development)**

# विषय-सूची


| | |
|---|---|
| मेरा परिवार | 5 |
| अ | 6 |
| आ | 7 |
| इ | 8 |
| ई | 9 |
| उ | 10 |
| ऊ | 11 |
| ऋ | 12 |
| ए | 13 |
| ऐ | 14 |
| ओ | 15 |
| औ | 16 |
| अं | 17 |
| गतिविधि | 18 |
| अ से अः तक स्वर वाचन | 19 |
| क | 20 |
| ख | 21 |
| ग | 22 |
| घ | 23 |
| च | 24 |
| छ | 25 |
| ज | 26 |
| झ | 27 |
| ट | 28 |
| ठ | 29 |
| ड | 30 |
| ढ | 31 |
| त | 32 |
| थ | 33 |
| द | 34 |
| ध | 35 |
| न | 36 |
| प | 37 |
| फ | 38 |
| ब | 39 |
| भ एवं म | 40 |
| य एवं र | 41 |
| ल एवं व | 42 |
| श एवं ष | 43 |
| स एवं ह | 44 |
| क्ष, त्र, ज्ञ एवं श्र | 45 |
| गतिविधि | 46 |
| चिड़ियाघर की सैर | 47 |
| वर्णमाला | 48 |

# मेरा परिवार

## नीचे दिए गए चित्र में अपने परिवार के सदस्यों को पहचानें।



**शिक्षण संकेत**

बच्चों से नीचे दिए गए प्रश्न पूछिए–

- आपके परिवार में कितने सदस्य हैं?
- क्या आपके घर में कोई पालतू पशु है?
- आपका जन्मदिन कब आता है?

बौद्धिक विकास

# अ



अजगर





अमरूद




अखबार

**अ से अनार,**
**सेहत का उपहार।**

**शिक्षण संकेत**

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

**सोचिए और बताइए**

1. क्या आपने कभी अखबार देखा है?
2. अमरूद किस रंग का होता है?

# आ



आलू





आग




आटा

**आ से आम जो खाए,**
**सेहत और ताकत वह पाए।**

**शिक्षण संकेत**

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

**गतिविधि**

बच्चों को नरम मिट्टी से 'आ' अक्षर बनाने के लिए कहें।

# इ



इमारत





इस्त्री



इमली

**इ से इडली गरम-गरम,**
**नाश्ता बन जाए बड़ा सुगम।**

**शिक्षण संकेत**

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

**सोचिए और बताइए**

1. इस्त्री से हम क्या करते हैं?
2. इमली का स्वाद कैसा होता है?

# ई



ईद





ईंट



**ई से ईख खेत में लहराए,**
**मीठा रस सबको भाए।**

ईश्वर

**गतिविधि**

'इ' और 'ई' अक्षरों की पर्चियाँ बनाएँ। कक्षा के किसी भी बच्चे को बुलाकर पर्ची उठवाएँ और उस अक्षर से शुरू होने वाले दो शब्द बोलने को कहें। ऐसे ही एक-एक करके सभी छात्रों को बुलाएँ।

**शिक्षण संकेत**

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

# उ



उपवन





उस्तरा



उपहार

**उ से उल्लू रात में आए,**
**जंगल की खबर सुनाए।**

**शिक्षण संकेत**

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

**सोचिए और बताइए**

1. उस्तरा किस काम आता है?
2. उल्लू कब दिखता है?

# ऊ



ऊन





ऊपर



ऊदबिलाव

**ऊ से ऊँट धीरे चल पाए,**
**रेतीले रास्ते तय कर जाए।**

**शिक्षण संकेत**

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

**सोचिए और बताइए**

1. ऊन से क्या बनता है?
2. ऊँट कहाँ रहते हैं?

# ऋ



ऋषभ



ऋण





ऋतु

**ऋ से ऋषि ज्ञान बताए,**
**अच्छे काम करना सिखाए।**

### शिक्षण संकेत

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

### गतिविधि

बच्चों को चार चित्र दिखाएँ – जैसे ऋषि, ऋतु, अजगर, इमली। बच्चों से पूछें कि इनमें से कौन-सा चित्र 'ऋ' से शुरू होता है।

# ए





एड़ी



एम्बुलेंस

**ए से एकतारा सुर में गाए,**
**मधुर धुन सबके मन भाए।**

# 1

एक

**शिक्षण संकेत**

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

**सोचिए और बताइए**

1. एकतारा में कितने तार होते हैं?
2. हमारी एड़ी कहाँ होती है?

# ऐ



ऐरावत





ऐलान



ऐश्वर्य

**ऐ से ऐनक आँख पर लगाए,**
**पढ़ने में यह काम आए।**

**शिक्षण संकेत**

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

**सोचिए और बताइए**

1. क्या आपने कभी ऐनक पहनकर देखी है?
2. क्या आपने किसी को ऐलान करते हुए देखा है?






ओणम





ओले



ओढ़नी

ओ से ओखली रसोई में आई,
मम्मी ने उसमें हल्दी कुटवाई।

**शिक्षण संकेत**

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

**सोचिए और बताइए**

1. ओखली में क्या किया जाता है?
2. ओस हमें कब दिखाई देती है?

# औ



औज़ार



औषधि





औलाद

**औ से औरत हँसती आई,**
**सबको उसने कहानी सुनाई।**

**शिक्षण संकेत**

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

**सोचिए और बताइए**

1. क्या आपने डॉक्टर को औषधि देते देखा है?
2. औज़ार का इस्तेमाल कौन करता है?

# अं



अंगूठा





अंडा



अंजीर

**अं से अंगूर हाथ में आए,**
**चटख रंग के रस बनाए।**

अः

### शिक्षण संकेत

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

### सोचिए और बताइए

1. क्या आपने कभी अंडा देखा है?
2. अंगूठा कहाँ होता है?

# गतिविधि

**चित्र पहचानकर उसके नाम के पहले अक्षर पर गोला लगाओ।**



आ अ इ



आ उ ऋ



ए ओ इ



अं ई आ



ओ उ ऊ



ऊ ऋ ए



इ ऋ अ



ई आ ए



ऐ ए ओ



ओ औ अं



उ औ इ



ऊ अं ओ

**शिक्षण संकेत**

गोला लगाए अक्षरों को पढ़कर सुनाइए।

# अ से अः तक स्वर वाचन

**सभी बच्चे बारी-बारी एक-एक अक्षर पढ़ेंगे और उससे बनने वाला शब्द भी बतायेंगे।**

अ से अनार, आ से आम,
इ से इमली, ई से ईख,
उ से उल्लू, ऊ से ऊन,
ऋ से ऋषि,
ए से एड़ी, ऐ से ऐनक,
ओ से ओखली, औ से औज़ार,
अं से अंगूर, अः है खाली





**शिक्षण संकेत**

बच्चों के साथ इसका मंचन करें।

# क



कलम



कमल



कछुआ



**क से कबूतर, करे गुटर–गूं,**
**गीत सुनाता गुटर गुटर गूं।**

**शिक्षण संकेत**

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

**सोचिए और बताइए**

1. कलम किस काम आती है?
2. क्या आपने कभी कबूतर देखा है?

# ख



खाट





खटमल



खरबूजा

**ख से बनता है खरगोश, कान उठाकर भरता है जोश।**



### शिक्षण संकेत

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

### गतिविधि

एक कटोरे में कुछ चित्रों की पर्चियाँ डालें– जैसे: खरबूजा, खाट, खिलौना, खेत, कबूतर, घड़ी। हर बच्चा एक-एक पर्ची निकाले और जोर से पढ़े कि उस शब्द में 'ख' आता है या नहीं।

# ग



गाड़ी





गाजर



गरम

**ग से गमला, फूलों वाला,**
**फूलों से सजती है माला।**

**शिक्षण संकेत**

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

**सोचिए और बताइए**

1. गाजर का रंग कैसा होता है?
2. चाय कैसी होती है– गरम या ठंडी?

# घ



घड़ा




घड़ी





घोड़ा

**घ से घर है सबसे प्यारा,**
**जिसमें रहता है परिवार हमारा।**

# ङ

**शिक्षण संकेत**

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

**सोचिए और बताइए**

1. घड़ी हमें क्या बताती है?
2. घोड़े की कितनी टाँगें होती हैं?

# च



चरखा





चना



चाबी

**च से चम्मच, चमचम करता,**
**खाना खिलाने से नहीं है डरता।**

**शिक्षण संकेत**

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

**गतिविधि**

बोर्ड पर कुछ शब्द लिखें या बोलें– जैसेः चम्मच, कुरसी, चूड़ी, गिलास, चॉकलेट, पंखा। बच्चों से कहें कि जो शब्द 'च' से शुरू होता है, उस पर ताली बजाओ!

# छ



छलनी





छत्ता



छड़ी

**छ से छतरी, तनकर चलती,**
**बारिश हो या धूप कड़कती।**

### शिक्षण संकेत

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

### सोचिए और बताइए

1. छतरी कब काम आती है– बारिश में या धूप में?
2. छड़ी कौन इस्तेमाल करता है?

# ज



जलेबी



जग





**ज से जहाज, पानी में चलता,**
**दूर देश की सैर है करता।**

जवान

### शिक्षण संकेत

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

### सोचिए और बताइए

1. जहाज कहाँ चलता है– पानी में या सड़क पर?
2. जलेबी खाने में मीठी होती है या नमकीन?

# झ



झरना





झाड़ू



झूला

**झ से झंडा, देश की शान,**
**इससे है अपनी पहचान।**

**शिक्षण संकेत**

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

**सोचिए और बताइए**

1. झरने से क्या गिरता है?
2. झंडे में कितने रंग होते हैं?

# ञ

# ट



टमटम





टोकरी



टोपी

**ट से बने टमाटर लाल है,**
**सेहत को करता मालामाल है।**

### शिक्षण संकेत

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

### सोचिए और बताइए

1. टमाटर का रंग कैसा होता है?
2. टोपी किस काम आती है?

# ठ



ठेला



ठंडा





ठग

**ठ से करे ठठेरा ठन ठन,**
**इसका काम बनाना बर्तन।**

### शिक्षण संकेत

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

### गतिविधि

शिक्षक बच्चों को गोल घेरा बनाकर बैठाएँ और एक गेंद दें। गेंद जिस बच्चे के पास जाए, वह 'ठ' से शुरू होने वाला कोई शब्द बोले, जैसे– "ठेला", "ठग", "ठंडा" आदि, और गेंद आगे बढ़ा दे। जो बच्चा शब्द न बोल सके, वह खेल से बाहर हो जाएगा। इस तरह खेल चलता रहेगा और बच्चे मजेदार ढंग से 'ठ' अक्षर से शब्द बोलने का अभ्यास करेंगे।

# ड



डोरी



ड्रम





डाकिया

**ड से डमरू, डम-डम बाजे,**
**ताल पर इसकी बंदर नाचे।**

**शिक्षण संकेत**

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

**गतिविधि**

शिक्षक एक थैली में विभिन्न चित्रों या शब्दों की पर्चियाँ डालें– जैसे: डमरू, दरवाजा, डिब्बा, दही, डाकिया, दीपक। हर बच्चा एक-एक पर्ची निकाले और जोर से बताए कि उस शब्द की शुरुआत 'ड' अक्षर से होती है या नहीं। जो बच्चा सही उत्तर दे, उसे ताली बजाकर प्रोत्साहित किया जाए।

# ढ



**ढोलक**





**ढपली**



**ढाल**

**ढ से ढक्कन, ढक कर रखता,**
**खाने की यह रक्षा करता।**

**शिक्षण संकेत**

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

**सोचिए और बताइए**

1. डिब्बे को किस से ढकते हैं?
2. ढाल क्या करती है?

ण

# त



तोता





तितली



**त से तरबूज का देखो कमाल,**
**बाहर हरा पर भीतर लाल।**

ताला

**शिक्षण संकेत**

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

**सोचिए और बताइए**

1. तरबूज कैसा होता है- खट्टा या मीठा?
2. तोता किस रंग का होता है?

# थ



थाली



थकान



**थ से थरमस, बड़ी है प्यारी,**
**चाय रखती गरम हमारी।**



थैला

**शिक्षण संकेत**

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

**सोचिए और बताइए**

1. थरमस में क्या रखते हैं?
2. थाली में क्या परोसा जाता है?

# द



दरज़ी






दरवाज़ा



दीपक

**द से दवात, जिसमें है स्याही,**
**लिखने के यह काम है आई।**

### शिक्षण संकेत

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

### सोचिए और बताइए

1. दीपक किससे जलाया जाता है?
2. दवात में क्या होता है?

# ध



धोबी





धन



धागा

**ध से धनुष, रखे कंधे पर,**
**उसको कहते यहाँ धनुर्धर।**

### शिक्षण संकेत

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

### सोचिए और बताइए

1. धन हमारे किस काम आता है?
2. क्या आपने कभी धनुष चलाया है?

# न



नींबू





नाक



नमक

**न से नल में आता पानी,**
**खूब नहाए गुड़िया रानी।**

**शिक्षण संकेत**

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

**सोचिए और बताइए**

1. नमक का स्वाद कैसा होता है – नमकीन या मीठा?
2. क्या आपने कभी नाव की सवारी की है?

# प



पलंग





पेंसिल



पपीता

**प से ऊँची उड़े पतंग,**
**हैं पतंग में कितने रंग।**

**शिक्षण संकेत**

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

**सोचिए और बताइए**

1. क्या आपको पतंग उड़ाना पसंद है?
2. पपीता किस रंग का होता है?

# फ



फुटबॉल





फूल



फली

**फ से फल खट्टे मीठे हैं,**
**मीठे फल का रस पीते हैं।**

**शिक्षण संकेत**

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

**सोचिए और बताइए**

1. आपका पसंदीदा फूल कौन-सा है?
2. आपको कौन-सा फल पसंद है?

# ब



बकरी





बरतन



बन्दर

**ब से बतख, पंख हैं सुंदर,**
**तैर रही है जल के ऊपर।**

**शिक्षण संकेत**

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

**सोचिए और बताइए**

1. बतख का रंग कैसा होता है?
2. क्या आपने कभी बंदर का खेल देखा है?

# भ





भवन



भेड़

**भ से भालू काला-काला,**
**नाच दिखाता यह मतवाला।**



भोजन

**सोचिए और बताइए**

1. भालू क्या खाता है?
2. भेड़ हमें क्या देती है?

---

# म



मकान



मटका



मगरमच्छ

**म से मछली, जल की रानी,**
**इसका तो जीवन ही पानी।**

**शिक्षण संकेत**

ऊपर दिए अक्षरों को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।



**सोचिए और बताइए**

1. मगरमच्छ कहाँ रहता है?
2. मछली किसकी रानी है?

# य



यान



याक

**य से यज्ञ रचाता पंडित,**
**होता वातावरण सुगंधित।**





योग

**सोचिए और बताइए**

1. यज्ञ कौन करता है?
2. यान कहाँ उड़ता है?

# र



राजा



रस्सी

**र से रथ में हुए सवार,**
**रथ है चलने को तैयार।**





रस

**शिक्षण संकेत**

ऊपर दिए अक्षरों को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

**सोचिए और बताइए**

1. रथ कौन खींचता है?
2. क्या रस मीठा होता है?

# ल



लोमड़ी



लड्डू

**ल से लट्टू, नाच दिखाए,**
**लट्टू नाचे मन हर्षाए।**





लीची

**सोचिए और बताइए**

1. लड्डू मीठा होता है या नमकीन?
2. क्या आपको लट्टू घुमाना आता है?

# व



वन



विमान





वर्षा

**व से वक, पानी में आता,**
**दाँव लगाकर मछली खाता।**

**शिक्षण संकेत**

ऊपर दिए अक्षरों को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

**सोचिए और बताइए**

1. वक क्या खाता है?
2. क्या आपको वर्षा पसंद है?

# श



शंख



शहद





शरबत

**श से शलगम, खून बढ़ाता,**
**जो भी इसको रोज है खाता।**

**सोचिए और बताइए**

1. शलगम का स्वाद कैसा होता है?
2. शहद हमें किससे मिलता है?

**शिक्षण संकेत**

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

---

# ष





षट्पद

6

षट्

**ष से है षट्कोण रंगीला,**
**लाल, हरा, नीला, पीला।**

**शिक्षण संकेत**

विद्यार्थियों को बताएँ कि षट्कोण में छः कोने होते हैं।

**सोचिए और बताइए**

1. षटपद के कितनी टांगें होती हैं?
2. षट्कोण में कितनी रेखाएँ होती हैं?

# स



सुनार



संतरा

**स से सपेरा, स से सवार,**
**स से सरगम बजे सितार।**



समोसा



**सोचिए और बताइए**

1. संतरा का कैसा रंग होता है?
2. सपेरा क्या बजाता है?

---

# ह



हाथी



हिरन

**ह से हल ले चला किसान,**
**है किसान भारत की शान।**



हाथ



**शिक्षण संकेत**

ऊपर दिए अक्षरों को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

**सोचिए और बताइए**

1. हाथी बड़ा होता है या छोटा?
2. हल का किस काम में प्रयोग होता है?

# संयुक्त व्यंजन

क्ष

क्षत्रिय



त्र



त्रिशूल

क्ष से क्षत्रिय रक्षा करता,
क्षत्रिय नहीं किसी से डरता।

त्र से बनता है त्रिशूल,
रख त्रिशूल के आगे फूल।

ज्ञ



ज्ञानी

श्र



श्रमिक

ज्ञ से ज्ञानी जब भी आएँ,
ज्ञान का पाठ हमें पढ़ाएँ।

श्र से श्रमिक, करता काम,
सबको कहता राम-राम।

**शिक्षण संकेत**

ऊपर दिए अक्षर को किसी एक रंग के क्रेयॉन से ट्रेस कराने का अभ्यास भी कराएँ।

**सोचिए और बताइए**

1. ज्ञानी ज्ञान किसे देते हैं?
2. श्रमिक क्या करता है?

## गतिविधि

**नीचे दिए गए बिंदुओं को क से ज्ञ तक मिलाकर चित्र पूरा कीजिए और रंग भरिए।**



# चिड़ियाघर की सैर

चीनू अपने परिवार के साथ चिड़ियाघर गया। वहाँ उसने कई जानवर देखे। क्या तुम इन जानवरों के नाम बता सकते हो?



# वर्णमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अ | आ | इ | ई | उ | ऊ |
| ऋ | ए | ऐ | ओ | औ | |
| अं | अः | | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | क | ख | ग | घ | ङ | |
| | च | छ | ज | झ | ञ | |
| | ट | ठ | ड | ढ | ण | |
| | त | थ | द | ध | न | |
| | प | फ | ब | भ | म | |
| | य | र | ल | व | श | |
| ष | स | ह | क्ष | त्र | ज्ञ | श्र |